Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	01(Gurgaon Kesari)
Date	8th February 2020

पंजाब केसरी

ग्रीन बेल्ट के विकास के लिए जुटे कारपोरेट

गुड़गांव, 7 फरवरी (ब्यूरो): गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर छह बड़ी कंपनियों ने समझौता किया है कि वे शहर के 12 प्रमुख सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट का विकास करेंगे। इसके अलावा इन सड़कों के रखरखाव सहित साईकिलींग पथ का निर्माण भी करेंगे। इन कंपनियों में प्रमुख रुप से मेक माई ट्रिप, इंवायरो, वाटिका, नागारो, फिल इंडिया और रियल एस्टेट कंपनी है। शहर में प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए और सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, साफ सुथरा बनाने के लिए इन कंपनियों ने जीएमडीए के साथ मिलकर पहल शुरु किया है। वाटिका की ओर से सेक्टर 82 से 84 तक की सड़कों को ग्रीन बेल्ट से युक्त किया जाएगा तो वहीं मेक माई ट्रिप की ओर से एमजी रोड से सिकंदपुर रोड को किया जाएगा। सुभाष चौक, बख्तावर चौक आदि की सड़कों को अन्य कंपनियां ग्रीन बेल्ट से युक्त करेंगी साथ ही इन सड़कों के रखरखाव सहित साईकिल और पैदल चलने वालों के लिए भी अलग से लेन बनाएंगी।